# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में बैठक की। लगभग चालीस मिनट तक चली इस बैठक में पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद की स्थिति को लेकर चर्चा हुई। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कल श्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

इस बीच, पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, आर्य न्यूज और जियो न्यूज सहित सोलह पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर देश भर में प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक रिपोर्ट–

**पाकिस्तानी यूट्यूब चौनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार ने हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया है। आतंकवादी को उग्रवादी कहने के लिए बी.बी.सी. को एक औपचारिक पत्र भी भेजा गया है। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।**

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान कर रही हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। जिसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। प्रमुख पद्म पुरस्कार विजेताओं में वायलिन वादक और संगीतकार डॉ. एल० सुब्रह्मयमण्यम और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डी. नागेश्वर रेड्डी हैं। पद्म विभूषण पुरस्कार विजेताओं में प्रख्यात संपादक और प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्य प्रकाश, सिने अभिनेता अनंतनाग नन्दमुरी बालकृष्ण और एस. अजित कुमार, भरत नाट्यम नृत्यांगना शोभना चन्द्रकुमार और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पी.आर. श्रीजेश शामिल हैं। गोवा के सौ वर्षीय स्वतंत्रता सैनानी लीविया लोबो सर्देसाई, 96 वर्षीय चमडे की कठपुतली कलाकार हिमब्बा, टोडावलप्पा, सिल्कीयधारा और महाराष्ट्र में चार सौ हैक्टेयर जंगल का संरक्षण करने वाले चैतराम देवचंद पवार पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल देवरिया आएंगे। वह जिले के देसही विकास खण्ड के राजकीय महाविद्यालय पड़ियापार में छह सौ छिहत्तर करोड़ बत्तीस लाख रूपये लागत की पांच सौ एक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री कल ही गोरखपुर भी आएंगे। वह गोरखपुर के चरगांवा में नगर निगम की तरफ से आठ करोड़ उन्तालीस लाख रूपये की लागत से बनाए गये गारबेज ट्रांसफर स्टेशन का भी लोकार्पण करेंगे।

**********

अयोध्या के सरयू नदी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए फ्लोटिंग बाथिंग कुंड का निर्माण होगा। इसमें एक साथ तीन सौ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। महिलाओं और पुरुषों के लिए दो अलग अलग कुंड बनाए जाएंगे। फ्लोटिंग बाथिंग कुंड एक तैरती हुई संरचना है, जो पानी पर स्थिर रहेगी। यह नदी के उतार चढ़ाव के साथ समायोजित हो सकेगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की तैयारी कर ली गई है। जल्द ही इसका टेंडर भी करा लिया जाएगा।

**********

कौशांबी जिले के कोखराज थाना के तहत भरवारी नगर पालिका क्षेत्र में आज सुबह मिट्टी का टीला ढहने से उसमें दब कर पांच महिलाओं की मौत हो गई। इस दुखद हादसे में घायल तीन महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर पालिका क्षेत्र के टिकर डीह वार्ड में हुए इस हादसे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुःख जताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए पांच पांच लाख रुपये की राहत राशि देने की भी घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार का प्रबंध करने का निर्देश दिया है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले समेत कई अन्य जिलों में बीती रात आई तेज आंधी, बूंदाबांदी और बारिश के कारण आज गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हांलाकि दिन में तेज धूप भी निकली, लेकिन लू का असर कम रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने इस अंचल में आज से चार मई तक कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

विभाग के मुताबिक तीस अप्रैल से तीन मई तक प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भी मौसम पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरह ही रहेगा और दोनों इलाकों में बारिश के साथ तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल भी तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीस अप्रैल से, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज से दो मई तक वज्रपात की भी चेतावनी दी है। साथ ही अगले चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना जताई गई है।

**********